## खबर संक्षेप



### सनराइजर्स ने कैपिटल्स को 52 से हराया

**गक्बेरहा।** मौजूदा चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 लीग में प्रिटोरिया कैपिटल्स को 52 से हराकर लगातार तीसरे मैच में बोनस अंक के साथ जीत दर्ज की। सनराइजर्स ने सात विकेट पर 149 रन बनाने के बाद कैपिटल्स को 16.3 ओवर में 97 रन पर आउट कर दिय। लीग की शुरुआती दोनों सत्र की चैंपियन सनराइजर्स की टीम 15 अंक के साथ तालिका में तीसरे पायदान पर है जबकि कैपिटल्स की टीम पांचवें स्थान पर है। बॉश कैपिटल्स के लिए सबसे सफल गेंदबाज बन गये है। उनके नाम 26 विकेट हो गए हैं।

### वरुण हमारे लिए 'गेम चेंजर' रहे हैं: अभिषेक

**कोलकाता।** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने भारत की इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में सात विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस जोरदार जीत के लिए स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को अधिक श्रेय दिया। अभिषेक ने कहा, 'अगर आप पिछली कुछ श्रृंखलाओं को देखें, तो वरुण हमारे लिए गेम-चेंजर रहे हैं। टी20 क्रिकेट में परिस्थितियां बल्लेबाजों के अनुकूल होती हैं लेकिन वह ऐसे गेंदबाज हैं जिन पर आप भरोसा कर सकते हैं और यह महत्वपूर्ण है।'



### क्लार्क ऑस्ट्रेलियन हॉल ऑफ फेम में शामिल

**मेलबर्न।** विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले 64वें खिलाड़ी बन गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को इसकी घोषणा की जबकि बुधवार को इससे संबंधित समारोह सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित किया गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक्स पर लिखा, 'ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क को बधाई।' क्लार्क ने टेस्ट और वनडे में क्रमशः 49.10 और 44.58 की औसत से 8643 और 7981 रन बनाए।



### महाराष्ट्र के अंकित पर एक मैच का निलंबन

**पुणे।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने महाराष्ट्र के बल्लेबाज अंकित बावने पर पिछले साल रणजी ट्रॉफी मैच में मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ असहमति जताने पर एक मैच का निलंबन लगाया जिसके कारण वह बड़ौदा के खिलाफ नासिक में चल रहे मैच में नहीं खेल पाए। बीसीसीआई ने महाराष्ट्र की टीम को नासिक के गोल्फ क्लब मैदान में इस फैसले की सूचना दी जहां वह ग्रुप ए का रणजी मैच खेल रही है। यह घटना पिछले साल नवंबर में एमसीए मैदान पर हुई थी जहां अमित शुक्ला की गेंद पर सेना के शुभम रोहिल्ला द्वारा स्लिप में कैच लिए जाने के बाद बावने मैदान पर अपनी क्रीज पर डटे रहे थे।

### शमी की वापसी में देरी सही: इरफान

**कोलकाता।** पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि भारतीय टीम के 'थिंक टैंक' ने लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद मोहम्मद शमी की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी में देरी करके यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उन्हें मैदान में नहीं उतारकर सही फैसला किया। बंगाल की तरफ से घरेलू क्रिकेट में अपनी फिटनेस साबित करने के बावजूद शमी को बुधवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के लिए भारत की अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया था।

---

दो अंकों में रन नहीं बना पाए भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी

# सितारे जमीं पर... रोहित-पंत और गिल रणजी में फेल, जडेजा ने दिखाया दम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और शुभमन गिल जैसे स्टार भारतीय खिलाड़ियों की रणजी ट्रॉफी में वापसी निराशाजनक रही और वे गुरुवार को अपनी अपनी टीमों से खेलते हुए सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौटे। अनुभवी ऑल राउंडर रविंद्र जडेजा ही अपेक्षाओं पर खरे उतरे। उन्होंने पांच विकेट लिए जिससे सौराष्ट्र ने दिल्ली की टीम को 188 रन पर आउट कर दिया। राष्ट्रीय टीम के अन्य खिलाड़ियों ने हालांकि निराश किया।

ऑस्ट्रेलिया में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद भारतीय कप्तान रोहित अगले महीने शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपने नाम पर कुछ रन लिखवाना चाहते थे लेकिन जम्मू कश्मीर के खिलाफ मुंबई की पहली पारी में ऐसा नहीं हो पाया। रोहित केवल तीन रन बनाकर आउट हो गए। रोहित ने तेज गेंदबाज उमर नजीर मीर की गेंद को पुल करने का प्रयास किया लेकिन गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर मिड ऑफ पर खड़े जम्मू कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा के सुरक्षित हाथों में चली गई।



### मुंबई ने पहली पारी में गंवाई बढ़त

रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मैच में मुंबई ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ पहली पारी में बढ़त गंवा दी। तेज गेंदबाजों की मददगार विकेट पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करना अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली टीम के लिए महंगा साबित हुआ क्योंकि मुंबई की टीम महज 120 रन पर आउट हो गई और जवाब में जम्मू-कश्मीर ने पहले दिन स्टंप तक सात विकेट पर 174 रन बनाकर 54 रन की बढ़त हासिल की। मैच के पहले दिन में 17 विकेट गिरे।

### घरेलू क्रिकेट मैच खेलना अनिवार्य

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद फिट होने की स्थिति में सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है। इसके बाद ही इन खिलाड़ियों ने अपनी अपनी टीमों के लिए खुद को उपलब्ध रखा।

### पंत ने बनाए सिर्फ 1 रन



लंबे समय बाद दिल्ली की तरफ से रणजी ट्रॉफी में खेल रहे पंत राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ 10 गेंद पर केवल एक रन बना पाए। उन्हें बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्रसिह जडेजा ने आउट किया। बेंगलुरु में पंजाब और कर्नाटक के बीच खेले जा रहे मैच में गिल केवल चार रन बना पाए। उन्होंने पंजाब की पारी के चौथे ओवर में अभिलाष शेट्टी की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दिया।

### यशस्वी 4 रन पर आउट



भारतीय टीम में रोहित के साथी सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल भी केवल चार रन बना पाए। जायसवाल को जम्मू कश्मीर के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने पगबाधा आउट किया। उमर ने मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे (12) को भी पवेलियन भेजा।

### अय्यर का स्कोर 11 रन



चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में शामिल किए गए श्रेयस अय्यर भी केवल 11 रन बना पाए। उन्होंने तेज गेंदबाज युद्धवीर सिंह की गेंद पर मिड ऑन पर कैच थमाया। इन प्रमुख खिलाड़ियों के निराशाजनक प्रदर्शन से मुंबई की टीम पहली पारी में 120 रन पर आउट हो गई।

### एमसीए ने बनाया 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम में 14,505 लाल और सफेद गेंदों का इस्तेमाल करके क्रिकेट बॉल से सबसे बड़ा वाक्य बनाने का 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड हासिल किया। भारत के प्रतिष्ठित क्रिकेट स्थलों में से एक वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के लिए एमसीए के भव्य समारोह के दौरान यह उपलब्धि हासिल की गई। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, 'हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम में 14,505 लाल और सफेद क्रिकेट गेंदों का उपयोग करके क्रिकेट बॉल से सबसे बड़ा वाक्य 'फिफ्टी इयर्स ऑफ वानखेड़े स्टेडियम' बनाकर 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड हासिल किया है।'

---

# लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग की जोड़ी इंडोनेशिया मास्टर्स से बाहर

एजेंसी ▶▶| जकार्ता



भारत के बैडमिंटन खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय मंच पर निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिसमें लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। भारत के 10वीं रैंकिंग के खिलाड़ी लक्ष्य का अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर संघर्ष जारी रहा, उन्हें जापान के केंटा निशिमोटो से 50 मिनट में 16-21, 21-12, 21-23 से पराजय मिली।

एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें थाईलैंड के किटिनुपोंग केद्रेन और देचापोल पुआवारानुक्रोह की जोड़ी से 20-22, 21-23 से हार का मुंह देखना पड़ा। इससे पहले ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को मलेशिया के पांग रोन हू और सु यिन चेंग की जोड़ी से 21-18 15-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा।बुधवार को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और उभरते हुए पुरुष एकल खिलाड़ी प्रियांशु राजावत पहले दौर में बाहर हो गए थे।

# मैनचेस्टर सिटी बाहर होने के कगार पर, जीता मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| लंदन

मैनचेस्टर सिटी बुधवार को पेरिस सेंट-जर्मेन से मिली करारी हार के बाद चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच गया लेकिन रियल मैड्रिड पर साल्ज़बर्ग को हराने के बाद अब ऐसा कोई खतरा नहीं है।

पीएसजी ने पेरिस में खेले गए मैच में मैनचेस्टर सिटी को 4-2 से पराजित किया। इस जीत के बावजूद पीएसजी पर बाहर होने का खतरा बना हुआ है। इस टूर्नामेंट में 36 टीम भाग ले रही हैं जिनमें से 24 टीम ही अगले दौर में प्रवेश करेंगी। मैनचेस्टर सिटी अभी 25वें जबकि पीएसजी 22वें स्थान पर है। मैनचेस्टर सिटी को नॉकआउट प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अपने अगले मैच में क्लब ब्रुग को हर हाल में हराना होगा। पीएसजी को भी अगले दौर के मैच में 24वें स्थान पर काबिज स्टटगार्ट पर जीत हासिल करने की जरूरत पड़ेगी। इस बीच पिछले सत्र में रिकॉर्ड 15वां यूरोपीय खिताब जीतने वाले रियल मैड्रिड ने नॉकआउट चरण में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। बुधवार को खेले गए मैच से पहले रियल मैड्रिड 22वें स्थान पर था लेकिन साल्ज़बर्ग को 5-1 से हराकर वह 16वें स्थान पर पहुंच गया। आर्सेनल और इंटर मिलन अपने-अपने मैच जीतकर क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

### चक्रवर्ती 7 तरह से फेंकते हैं मस्ट्री बॉल

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 22 जनवरी को मौजूदा सीरीज का पहला टी20 मैच खेला गया, जहां टीम इंडिया के गेंदबाज फुलफॉर्म में दिखे। लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती तो कमाल के रहे। उन्होंने इंग्लैंड के तीन बेशकीमती विकेट झटके।


## एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

LIC HFL — LIC HOUSING FINANCE LTD

एरिया ऑफिस :– क्षेत्रीय कार्यालयः– 18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर – 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761–2401338, Website: www.lichousing.com

### परिशिष्ट-IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अतः ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं. | ऋण खाता संख्या | खातेदार का नाम एवं पता | संपत्ति विवरण | मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना | उल्लेखित राशि ₹ मांग सूचना पत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 120500012968 | श्री पंकज सिंह राजपूत नगर निगम मकान नंबर पुराना 377 नया 348, सुभाष बनर्जी वार्ड, सिविल स्टेशन ब्लॉक नंबर–21, तह और जिला जबलपुर, पी/ओ प्लॉट नंबर 7 नया 7/10/ क , जबलपुर मध्य प्रदेश, 482002 | नगर निगम हाउस नंबर पुराना 377 नया 348, सुभाष बनर्जी वार्ड, सिविल स्टेशन ब्लॉक नंबर–21, तहसील और जिला जबलपुर, पी/ओ प्लॉट नंबर 7 नया 7/10/क, जबलपुर मध्य प्रदेश, 482002 | 19.11.2024 / 23.01.2025 | 8,94,000.49 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 2. | 120500014336 | सूश्री अनीता स्वामी श्री नितिन कुमार प्लॉट नंबर 550, चेतन्य सिटी फेस–2, भाग–1, खसरा नंबर 405/2 का हिस्सा, मौजा काजरवारा, एन.बी. 505, पीएच नंबर 27 न्यू 23/2, जबलपुर, मध्य प्रदेश, 482001 | प्लॉट नंबर 550, चौतन्य सिटी फेस–2, भाग–1, खसरा नंबर 405/2 का हिस्सा, मौजा कजरवारा, एन.बी. 505, पीएच नंबर 27 न्यू 23/2, जबलपुर, मध्य प्रदेश, 482001 | 19.11.2024 / 23.01.2025 | 18,27,600.07 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 3. | 120500013307 | श्री विवेक पांडे फ्लैट नंबर 307, शुभम अपार्टमेंट, राइट टाउन, आदित्य अस्पताल के सामने, जबलपुर, मध्य प्रदेश – 482002 | फ्लैट नंबर 307, तीसरी मंजिल, शुभम अपार्टमेंट, कॉर्पोरेशन लीज प्लॉट नंबर 141, डायवर्सन प्लॉट नंबर 683, शीट नंबर 155–डी, राइट टाउन, जबलपुर, मध्य प्रदेश, 482002 | 11.11.2024 / 23.01.2025 | 15,44,449.19 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 4. | 120500012675 | श्री विवेक पांडे फ्लैट नंबर 307, शुभम अपार्टमेंट, राइट टाउन, आदित्य अस्पताल के सामने, जबलपुर, मध्य प्रदेश – 482002 | फ्लैट नंबर 105, ग्राउंड फ्लोर, अनमोल आवास, नजूल ब्लॉक नंबर 21, प्लॉट नंबर 13/1, सिविल स्टेशन, जबलपुर, मध्य प्रदेश, 482002 | 11.11.2024 / 23.01.2025 | 17,40,970.09 + ब्याज व अन्य खर्चे |

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (Notice) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चो का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।

दिनांक : 24.01.2025
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.



## कार्यालय नगरपालिका परिषद पनागर जिला- जबलपुर (म.प्र.)

Phone: 0761-2350029 Email: cmopanagar@mpurban.gov.in

पत्र क्रमांक 177/ई-टेण्डर/2024-25 — // निविदा सूचना // — पनागर दिनांक - 23.01.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_398021_1 दिनांक 23/01/2025 | मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) अतर्गत पुलिया, कम्युनिटी हॉल एवं विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड व मुक्तिधाम निर्माण कार्य। | 07 माह / 41303000.00 | 15000.00 / 206515.00 | 28/02/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

श्री प्रदीप पटेल
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद पनागर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
पनागर



## फॉर्म ए
## सार्वजनिक घोषणा

[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन]

**एमबीएल (एमपी) टोल रोड कंपनी लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ**

### प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | एमबीएल (एमपी) टोल रोड कंपनी लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 31/10/2011 |
| 3. | वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट देनदार निगमित / पंजीकृत है | आरओसी दिल्ली |
| 4. | कॉर्पोरेट पहचान संख्या . | U45204DL2011PLC226845 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | पंजीकृत कार्यालय: बानी कॉर्पोरेट वन टावर, सूट नंबर 303 तीसरी मंजिल, पीटी नंबर 5, जिला वाणिज्यिक केंद्र, आरई, जसोला, दक्षिण दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110076 प्रधान कार्यालय: एमबीएल, नेवरगांव, ग्राम पोस्ट नेवरगांव तहसील - वारासिवनी लालबुर्रा, बालाघाट, मध्य प्रदेश, 481331 |
| 6. | कॉर्पोरेट देनदार के संबंध में दिवालियापन प्रारंभ तिथि | 21/01/2025 |
| 7. | दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि | 20/07/2025 |
| 8. | अंतरिम समाधान पेशेवर के रूप में कार्यरत दिवालियापन पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या | पीयूष मूना IBBI/IPA-001/IP-P00990/2017-2018/11630 |
| 9. | पता और ई - मेल, जैसा कि बोर्ड के साथ पंजीकृत है | यूनिट 1406-बी, 14 वीं मंजिल, आइकॉनिक टॉवर - कोरेंटम, ए-41, सेक्टर 62, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201301 piyushmoona@gmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ई - मेल | यूनिट 1406-बी, 14 वीं मंजिल, आइकॉनिक टॉवर - कोरेंटम, ए-41, सेक्टर 62, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201301 cirpofmblmptollroad@gmail.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 04/02/2025 |
| 12. | उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत अंतरिम समाधान पेशेवर द्वारा निर्धारित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई हों | आज तक आईआरपी के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह लागू नहीं है। |
| 13. | किसी वर्ग में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाने गए दिवालियापन पेशेवरों के नाम (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14. | (a) प्रासंगिक प्रपत्र और (बी) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है : | जाल संपर्क : https://ibbi.gov.in/en/home/downloads आज तक आईआरपी के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह लागू नहीं है। |

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, प्रधान पीठ नई दिल्ली ने कंपनी याचिका सीपी(आईबी) सं. 423/(पीबी)/2023, 22 जनवरी 2025 को अपलोड किए गए आदेश के तहत 21 जनवरी 2025 को एमबीएल (एमपी) टोल रोड कंपनी लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।

एमबीएल (एमपी) टोल रोड कंपनी लिमिटेड के लेनदारों से एतदद्वारा अपने दावों का प्रमाण 04 फरवरी 2019 को अथवा पूर्व अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष ऊपर आइटम 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है।

वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों प्रस्तुत कर सकते हैं।

किसी श्रेणी के साथ सम्बन्धित वित्तीय लेनदार, जैसा कि प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष सूचीबद्ध है, अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल्स में से अपनी पसंद का अधिकृत प्रतिनिधि प्रपत्र सीए में निर्दशित करेगा, लागू नही

दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।

दिनांक: 24 जनवरी 2025
स्थान: नोएडा

हस्ता/—
पीयूष मूना
अंतरिम समाधान पेशेवर
एमबीएल (एमपी) टोल रोड कंपनी लिमिटेड के मामले में
IBBI/IPA-001/IP-P00990/2017-18/11630



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### ई-निविदा सूचना

CPM/GSU/S.E.C. रेलवे, भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्य करते हुए, नीचे उल्लिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करता है: -

**अनु.क्र. 1 निविदा सूचना सं. 47-CPM-GSU-NAG-2024-25**
**कार्य का नाम:** राजनांदगांव (RJN) स्टेशन पर नए गुड्स शेड की इंटरलॉकिंग और SECR के नागपुर डिवीजन में RJN स्टेशन पर यात्री प्लेटफॉर्म के लिए यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के संबंध में केबल शिफ्टिंग। **अनुमानित निविदा मूल्य:** 8,48,46,986.38/- **बोली सुरक्षा :** 5,74,200/-
बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दिनांक 10.02.2025 को 14.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा के विरुद्ध मैन्युअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा। विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है।

मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर
(प्रभारी) गति-शक्ति इकाई,
द पू म रेलवे, नागपुर

AAA/32/203

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



## पश्चिम मध्य रेल

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना क्रमांकः** जबल-एन-सिग-टेण्डर-2025-5, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** पश्चिम मध्य रेल में जबलपुर मंडल के जबलपुर-निवार सेक्शन में आर.ओ.बी./एल.एच.एस. निर्माण में संकेत एवं दूरसंचार संबंधित कार्य (सिग्नलिंग कार्य), **निविदा का अनुमानित मूल्य (रमें):** ₹ 2,70,76,466.09, **निविदा फॉर्म की कीमतः** ₹ 0.00, **कार्यालय का पताः** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर, **बयाना राशि ₹:** ₹ 2,85,400/-, **समापन अवधि (माह):** 11 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समयः** दिनांक 24.02.2025 को 15.00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। **नोटः** निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाईन आवेदन की जा सकती है।

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूर संचार)
प.म.रे. जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



## महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.)
(मध्यप्रदेश राज्य विश्वविद्यालय)

Address : Panna Road, Near Police Line, District Chhatarpur, Pin-471001, M.P., India
कार्यालय : फोन : 07682-244442, फैक्स : 07682-244442
E-mail : mchhatrasaluniversity@gmail.com, Website : https://mcbu.ac.in

क्रमांक : 457/2025 — छतरपुर, दिनांक : 23.01.2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) में Supply, Installation, Testing and Commissioning (SITC) of Laptops and Accessories एवं Supply of the sports items to the Department of the Physical Education हेतु M.P. Tender के माध्यम से Bid आमंत्रित की जा रही है।

| S.No. | Tender ID | Name of Item | Last Date |
|---|---|---|---|
| 1. | 2025_MCBU_397865_1 | Supply, Installation, Testing and Commissioning (SITC) of Laptops and Accessories. | 21 दिवस |
| 2. | 2025_MCBU_398114_1 | Supply of the sports items to the Department of the Physical Education. | 21 दिवस |

नोट :- Bid से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं Bid Document के लिए M.P. Tender पर विजिट करें।
म.प्र. माध्यम/118487/2025

कुलसचिव